जागरूकता रैली एवं पौधारोपण कर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

जागरुकता रैली निकालते बच्चे।

भास्कर न्यूज | निज़ामपुर

एसएम सहगल फाउंडेशन व एचडीएफसी बैंक के सहयोग से 9 गांवों में चल रही परिवर्तन परियोजना के तहत 5 जून को पर्यावरण दिवस पर 3 गांव दोखेरा, गोलवा तथा पांचनौता में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर गांव दोखेरा में वृक्षारोपण, पांचनोता में जागरूकता रैली निकाली गई व गोलवा में पेंटिंग, रंगोली व भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। हनुमान शर्मा ने कहा कि हमें जीवन भर हमारे पर्यावरण का ख्याल रखना चाहिए। दोखेरा गांव में उदयनारायण आचार्य महाराज व गांव सरपंच मदनलाल द्वारा वृक्षारोपण किया गया व गांव गोलवा में 10वीं से 12वीं कक्षा तक के बच्चों ने पेंटिंग, रंगोली व भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को इनाम वितरित किए गए। गांव पांचनोता में बच्चों, महिलाओं व पुरुषों द्वारा पर्यावरण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शैलेश पंत, विरेंद्र, कृष्ण कुमार, सुरजीत कुमार, संजीव, रमेशए, मुनेश देवी, नवज्योति, रिंकू देवी, उर्मिला, पूजा, अनिता सोनी, सोमवती, मदनलाल, चंद्रकला देवी, राजेंद्र कुमार, गोलवा सरपंच राजपाल मौजूद रहे।

Awareness drives and plantation mark environment day celebrations

Date and Publication: June 6, 2019; Dainik Bhaskar

Villages Dokhera, Golwa and Panchnauta celebrated environment day on June 5 under the S M Sehgal Foundation and HDFC Bank supported partnership project *Parivartan* in five villages. Several events, including awareness drives, rangoli and debate competitions, and plantation drives were held.